भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट में 10 दिवसीय हिन्दी टंकण प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ

डॉ. नितिन कुलकर्णी, निदेशक, भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट के मार्गदर्शन एवं डॉ. आर.के. बोरा, निदेशक लिंक अधिकारी, भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट के प्रेरणादायी उपस्थिति में आज दिनांक 04.08.2025 को संस्थान में 10 दिवसीय सेवाकालीन हिन्दी टंकण प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ किया गया जिसमें 70वें हिन्दी टंकण प्रशिक्षण पाठ्यक्रम सत्र के कुल 20 कर्मचारियों ने सहभागिता किया।

उद्घाटन सत्र में डॉ. आर.के. बोरा, निदेशक लिंक अधिकारी, भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट ने सभी को यथासमय परीक्षा उत्तीर्ण करने और हिन्दी टंकण के रूप में एक नया कौशल सीखने हेतु सभी कर्मचारियों को प्रेरित किया। उन्होंने अपने संबोधन में यह भी कहा कि इंस्क्रिप्ट लेआउट में हिन्दी टंकण का प्रशिक्षण प्राप्त करने से संस्थान में हिन्दी पत्राचार व टिप्पण का लक्ष्य आसानी से प्राप्त होगा।

प्रशिक्षण कार्यशाला में इंस्क्रिप्ट लेआउट में हिन्दी टंकण का प्रशिक्षण देने के लिए विषय-विशेषज्ञ के रूप में श्री शंकर शॉ, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, हिन्दी प्रकोष्ठ, भा.वा.अ.शि.प.-व.व.अ.सं., जोरहाट उपस्थित थे जिन्होंने हिन्दी टंकण पत्राचार पाठ्यक्रम, हिन्दी फॉन्ट समस्याओं, यूनिकोड, अंग्रेजी व हिन्दी टंकण लेआउट, इनस्क्रिप्ट लेआउट आदि की विस्तृत जानकारी प्रदान किया। साथ ही, अभ्यास सत्र के दौरान सभी कर्मचारियों ने इंस्क्रिप्ट लेआउट में हिन्दी टंकण का अभ्यास किया। विषय-विशेषज्ञ ने हिन्दी टंकण की बारिकियों से सभी को अवगत कराया। आगे, हिन्दी टंकण का अभ्यास-सत्र का आयोजन (प्रतिदिन दो सत्र में) दिनांक 14.08.2025 तक किया जाएगा।

कार्यक्रम की कुछ झलकियाँ...

हिन्दी टंकण प्रशिक्षण कार्यशाला
दिनांक: 04-14 अगस्त, 2025